# इतिहास विभाग
# शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर
# अनूपपुर(म.प्र.)

दिनांक - 17/04/2023

## प्रतिवेदन

### डॉ. भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर विभिन्न गतिविधियों का आयोजन

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर के इतिहास विभाग द्वारा दिनांक 14 अप्रैल 2023 को डॉ.भीमराव अंबेडकर जयंती के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, इस प्रतियोगिता में 111 विद्यार्थियों द्वारा डॉ. अंबेडकर के जीवन से संबंधित विभिन्न सवालों के जवाब देकर उत्साहपूर्ण प्रतिभागिता की गई ।
दिनांक 15 अप्रैल 2023 को " डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर: आधुनिक भारत के निर्माण में प्रेरणादायी भूमिका" विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया | कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे.के. संत के संरक्षत्त्व में एवं विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम धांडे के संयोज्कत्त्व में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य महोदय डॉ.संत के द्वारा अतिथि वक्ता के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ।व्याख्यान में प्रमुख वक्ता के रूप में डॉ. रमाशंकर सिंह, अकेडमिक फेलो, सेंटर फॉर रिसर्च एंड आर्काइविंग इन इंडिया एंड लैंग्वेज सिस्टम नॉलेज एंड इंडीजेनस, डॉ. बी.आर.अंबेडकर विश्वविद्यालय दिल्ली उपस्थित रहे | डॉ. रमाशंकर ने डॉ.अंबेडकर के जीवन के विभिन्न बिंदुओं एवं आधुनिक भारत के निर्माण में उनके योगदान पर प्रकाश डालते हुए अपना विस्तृत उद्बोधन प्रस्तुत किया |


कार्यक्रम का संचालन प्रो.पूनम धांडे ने किया और अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापन प्रो. विनोद कुमार कोल के द्वारा किया गया | कार्यक्रम में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ का महत्त्वपूर्ण योगदान रहा। इस कार्यशाला में प्रदेश के विभिन्न महाविद्यालयों के 90 से ज्यादा छात्र- छात्राएँ, शोधार्थी एवं प्राध्यापकगण सम्मिलित रहे |

संलग्न – 1. प्रतिभागियों की सूची

2. छायाचित्र

3. प्रमाणपत्र की प्रति


4. कार्यक्रम का ब्रोशर







प्रतिभागीयों को प्रदान किए गए ई-प्रमाण पत्र





ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का ब्रोशर




अंबेडकर जयंती पर हुए ऑनलाइन व्याख्यान का ब्रोशर





एकदिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान में प्रतिभागियों को प्रदान किए गए ई-प्रमाण पत्र








प्रतिभागी द्वारा भरे गए फीडबैक फॉर्म




ऑनलाइन व्याख्यान के छायाचित्र

भूमिका भास्कर | Digital Edition
सोमवार, 17 अप्रैल 2023

# तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में डॉ. अंबेडकर की जयंती के अवसर पर ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं एकदिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान का हुआ आयोजन

**भूमिका संवाददाता, अनूपपुर**

शासकीय तुलसी महाविद्यालय अनूपपुर में डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर इतिहास विभाग द्वारा ऑनलाइन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता एवं एकदिवसीय ऑनलाइन व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर डॉ. अंबेडकर के जीवन पर केंद्रित आनलाईन प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया,अंबेडकर जी के जीवन पर आधारित विभिन्न प्रश्न विद्यार्थियों से पूछे गए और विद्यार्थियों ने रुचि के साथ प्रश्नों के उत्तर देकर ऑनलाइन प्रतियोगिता में प्रतिभागिता की। इसी के साथ %डॉ.बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर= आधुनिक भारत के निर्माण में प्रेरणादायी भूमिका% विषय पर व्याख्यान कार्यक्रम महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.जे.के.संत के संरक्षकत्व एवं मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ प्राचार्य डॉ.संत के द्वारा अतिथि वक्ता के स्वागत उद्बोधन के साथ हुआ।



इस व्याख्यान के प्रमुख वक्ता डॉ. रमाशंकर सिंह, एकेडमिक फेलो, डॉ. अंबेडकर यूनिवर्सिटी दिल्ली के द्वारा डॉ.भीमराव अंबेडकर के जीवन के विभिन्न बिंदुओं पर प्रकाश डाला गया। डॉ. रमाशंकर सिंह ने अपने व्याख्यान में बताया कि बाबा साहेब डॉ.भीमराव अंबेडकर ने हम सब को एक ऐसा संविधान दिया है,जो विश्व में सबसे बड़ा है, बाबा साहब ने ना सिर्फ हमें संविधान दिया बल्कि सत्मार्ग पर चलने का रास्ता भी दिखाया। डॉ. भीमराव अंबेडकर ने कहा था कि मैं ऐसे धर्म को मानता हूं, जो स्वतंत्रता, समानता और बंधुत्व सिखाएं और सभी को समानता का अधिकार मिले। बाबा साहब ने ना केवल सामाजिक न्याय एवं सामाजिक असमानता के खिलाफ लड़ाई लड़ी, बल्कि महिला सशक्तिकरण, महिलाओं को बराबरी का अधिकार, मौलिक दायित्व पर भी बात की। अपनी प्रगतिशील विचारों के चलते वह आज करोड़ों भारतीयों के प्रेरणा स्रोत है। कार्यक्रम का संचालन इतिहास विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. पूनम धांडे के द्वारा किया गया। इस कार्यक्रम में ऑनलाइन माध्यम से जुड़े सभी प्रतिभागियों,प्राध्यापक/ सहायक प्राध्यापक,शोधार्थियों एवं छात्र-छात्राओं के प्रति प्रो.विनोद कुमार कोल सहा. प्राध्यापक समाजशास्त्र ने आभार प्रकट किया और कार्यक्रम के मुख्य वक्ता डॉ. रमाशंकर सिंह को व्याख्यान हेतु आमंत्रण स्वीकारने और उनके ज्ञानवर्धक, प्रेरणादायक और सारगर्भित व्याख्यान के लिए महाविद्यालय परिवार की ओर से हृदय से धन्यवाद ज्ञापित किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में डॉ. अमित भूषण द्विवेदी सहा.प्राध्यापक अर्थशास्त्र एवं आइक्यूएसी का विशेष योगदान रहा। इस कार्यक्रम के आयोजन में महाविद्यालय के समस्त स्टाफ एवं विद्यार्थियों ने अपना महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

समाचार पत्र में प्रकाशित समाचार छाया प्रति

## प्रचार प्रसार :

Facebook link-
https://m.facebook.com/story.php?story_fbid=pfbid0hquejkXHmDsF2PJp631WpGL6SACL3QVQz8oWwC8rKcQFczpidaKPedfJaNXTCX8Gl&id=100045502399397&mibextid=Nif5oz

College Website- gtcanuppur.ac.in